# यूपीईएस में क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज




यूपीईएस यूनिवर्सिटी ने अपने वार्षिक शहीद स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के 11वें संस्करण का आगाज किया. यूपीईएस भारतीय सेना के वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने और उनके परिवारों को सहारा देने के लिए यह टूर्नामेंट आयोजित करता है. इस बार टूर्नामेंट में 4 पैरा स्पेशल फोर्स के वीर जवान, शहीद अमित कुमार अंथवाल को सम्मानित किया गया. यूपीईएस ने प्रोजेक्ट नमन के तहत शहीद अमित के परिवार को 5 लाख की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है साथ ही ये भी कहा है की उनके परिवार के एक सदस्य को नौकरी का मौका दिया जाएगा. टूर्नामेंट की शुरुआत बिधोली क्रिकेट ग्राउंड में हुई. इस साल आठ टीमें खिताब के लिए मैदान में उतर रही है जिसका फाइनल मुकाबला 9 जनवरी को खेला जाएगा.